

कोरोना की वैक्सीन लगने के बाद 3,235 में से मात्र 85 को हुआ हल्का संक्रमण

सांध्य दैनिक RNI No.-52050/82 डाक पंजीयन म.प्र./छतरपुर 08/2003

# छतरपुर टाइम्स

हर खबर पर हमारी नजर

वर्ष-39 अंक-25 छतरपुर 26 मई बुधवार 2021 E-mail: chhptimes88@yahoo.co.in फोन नं0 248455, 9993138715 मूल्य 1.00 रूपए पृष्ठ-8

### 48 कोविड संक्रमित स्वस्थ हुए

छतरपुर। बुधवार 26 मई को छतरपुर जिले में 48 कोविड संक्रमित स्वस्थ होकर कोविड योद्धा बने हैं, इसमें होमआइसोलेशन से 37, महोबा रोड कोविड केंद्र से 6, गौरिहार से 2, खजुराहो से 2 तथा जिला चिकित्सालय से 1 सहित 48 संक्रमित कोविड संक्रमण पर चिकित्सकों के बेहतर उपचार एवं मार्गदर्शन से स्वस्थ हुए हैं। जिसमें खजुराहो कोविड केंद्र से 85 वर्षीय श्री ग्यासीलाल मिश्रा एवं 42 वर्षीय पुरषोत्तम मिश्रा स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किये गए है।

## MP में PPE किट डिस्पोजल घोटाला : जिस बायो वेस्ट प्लांट को PPE किट को नष्ट करने का जिम्मा, वह इन्हें खुले बाजार में बेच रहा

भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के सतना जिले में आपदा को अवसर में बदलने का डरावना और शर्मनाक वीडियो वायरल हुआ है। यहां बड़खेरा बायो वेस्ट डिस्पोजल प्लांट में सिंगल यूज PPE किट को गर्म पानी में धोकर बंडल बनाए जा रहे हैं। इसके बाद कबाड़ियों के माध्यम से सतना और भोपाल के खुले बाजार में दोबारा PPEकिट के तौर पर बेचा जा रहा है।

शासन की गाइडलाइन के मुताबिक PPE किट, ग्लव्स और मास्क को वैज्ञानिक तरीके से नष्ट करने के लिए बड़खेरा में इंडो वाटर बायो वेस्ट डिस्पोजल प्लांट में भेजा जाता है, लेकिन प्लांट में ऐसा नहीं किया जा रहा है। यहां कर्मचारी प्लांट प्रबंधन के इशारे पर PPE किट को गर्म पानी से धोकर बाकायदा अलग बंडल बनाकर रख देते हैं। इसके बाद गोपनीय तरीके से इसे बेच दिया जाता है।

मंगलवार देर रात 11 से 12 बजे के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। पड़ताल में पता चला कि बड़खेरा गांव के एक स्थानीय युवक ने चोरी-छिपे बायो वेस्ट डिस्पोजल प्लांट के अंदर चल रही करतूत का वीडियो मोबाइल फोन में कैद कर वायरल किया था।
वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि PPE किट और ग्लव्स को एक टब में गर्म पानी में डालने के बाद धोकर सुखाया जाता है। इसके बाद प्लांट के अंदर काम कर रहे मजदूर बंडल तैयार करते हैं। इसके बाद यह हूबहू नए बंडल की तरह ही दिखने लगता है। वीडियो वायरल होने के बाद अब जिला प्रशासन कार्रवाई करने का आश्वासन दे रहा है।

**PPE किट का न करें दोबारा इस्तेमाल**

जिला अस्पताल के डॉ. सीएम तिवारी का कहना है कि सिंगल यूज PPE किट इसीलिए बनाई जाती है, क्योंकि उसका दोबारा इस्तेमाल न हो। धोने से उसके रेशों का गैप बढ़ सकता है और तब यह सुरक्षित नहीं रहेगा। गर्म पानी में धोने से वायरस नष्ट हो जाता है या नहीं, इस?का दावा नहीं किया जा सकता।

**क्या है गाइडलाइन**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन के मुताबिक PPE किट, ग्लव्स और मास्क को एक बार ही इस्तेमाल करना है। साथ ही, इनको सार्वजनिक जगह पर नहीं फेंकना है, बल्कि वैज्ञानिक तरीके से बायो वेस्ट डिस्पोजल प्लांट में नष्ट कराना है।

### तीन विभागों की होती है जिम्मेदारी

बताया गया कि बायो वेस्ट डिस्पोजल प्लांट के रख रखाव और देखरेख की ?जिम्मेदारी प्रदूषण विभाग, जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की होती है, लेकिन सूत्रों की मानें तो किसी भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कभी भी मौके पर नहीं जाते। ऐसे में बायो वेस्ट एजेंसी मनमाने तरीके से काम कर रही है। मामले में CMHO डॉ. अशोक कुमार अवधिया का कहना है कि बायो वेस्ट के मामले में जो वीडियो वायरल हुआ है। उसके बारे में बायो वेस्ट एजेंसी वाले ही बता सकते हैं। हम तो बायो वेस्ट उठाने के पैसे देते हैं।

## ग्राम बेहटा के पास संदिग्ध हालत में मिला बृद्ध का शव

लवकुशनगर 26 मई नि.प्र.। बुधवार की सुबह जब पुलिस का गस्तीदल नगर भ्रमण पर था तो पुलिस को सूचना प्राप्त हुई के लवकुशनगर थाना के ग्राम बेहटा का पास मंदिर के समीप एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर गस्तीदल से एएसआई रामपाल सिंह एवं आरक्षक सतीश सिंह, अवनीश सिंह द्वारा मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।

मौक़ा मुआयना के दौरान मौके पर पाए गए आधार कार्ड के आधार पर मृतक की पहचान स्वामीदीन पाल उम्र करीब 85 वर्ष निवासी देवनगर के रूप में की गई। पुलिस द्वारा संबंधित व्यक्ति के परिजनों को सूचना दी गई जिससे मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि यह बृद्ध अपनी रिश्तेदारी ग्राम जामूपुरा के लिए आज से 2 दिन पूर्व घर देवपुरा से निकला था। मामले की जानकारी होने पर थाना प्रभारी लवकुशनगर धन सिंह नलवाया, एस आई नन्दकिशोर सोलंकी ने भी अपने सहयोगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की एवं मौके का पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएम हाऊस लवकुशनगर भेजा गया। पुलिस ने मामले को मार्ग पर दर्ज कर विवेचना में ले लिया है।



### हमाओ घर हमाई जवाबदारी



बक्स्वाहा 26 मई नि.प्र.। विकासखण्ड बकस्वाहा के ग्राम बाजना, बम्हौरी, सुनवाहा छतरपुर मैं कोविड टीकाकरण के लिए जन जागरूकता रैली निकाली गई। कोविड के प्रति जागरूकता को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा नारे लेखन का कार्य किया गया। ग्रामीणजन से अपील की गई है कि हमाओ घर हमाई जवाबदारी के तहत खुद के परिवार के सदस्यों का टीकाकरण कराने की जिम्मेदारी लें और कोविड संक्रमण से सुरक्षित रहें।

## भीमकुंड में नारायण संस्कृत पाठशाला में छात्रों व आचार्यगण को सामग्री वितरित

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने संस्कृत भाषा उन्नयन हेतु दस हज़ार रूपये पुरूष्कार की सीमा बढ़ाई

छतरपुर 26 मई कार्या.। आज बुद्ध पूर्णिमा के पावन पवित्र अवसर पर अबार माता मंदिर (रामटौरिया के निकट) के पावन स्थान पर सर्व कल्याणार्थ पूजा आरती की ।यह स्थान पांडव कालीन है ।बहुत ऊँची शिला पर देवी माँ विराजमान हैं ।इस स्थान का विकास आल्हा ऊदल ने किया था। इस स्थान पर वैशाख मास की पूर्णिमा को बड़ा ही भव्य मेला लगता है ।भक्त गण जवारों का विसर्जन करने आते हैं ।ऐसी मान्यता है कि है फ़सल अच्छी आने के बाद जवारे निकाले जाते हैं।

इसके बाद भीमकुंड दर्शनीय तीर्थ स्थल पर जाना हुआ जहां नीले पानी का अथाह जलस्त्रोत है ।यहाँ पर चलने वाली नारायण संस्कृत पाठशाला का अवलोकन किया। जिसमें 76 विद्यार्थी पढ़ते हैं। श्री श्री 1008 श्री शंकर्षणाचार्य जी महाराज के साथ पूरे परिसर का अवलोकन किया।

डॉ. राकेश मिश्र जी के जन्मदिन के अवसर पर संस्कृत पाठशाला के छात्रों के लिए शुद्ध पेयजल के लिए एक आर. ओ. प्रदान किया गया। इसी प्रकार समय बताने हेतु दीवार घड़ी प्रदान की गई। सभी छात्रों को टी-शर्ट , लेखन कापी व पेन पेंसिल एवं अन्य सामग्री दी गई। शिक्षकों को शहद में बने हुए मुरब्बा एवं भगवान धन्वंतरि का चित्रपट भेंट किया गया। इस अवसर पर सभी काम करने वाले लोगों को जूते प्रदान किये गए ।पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इसलिए दसवीं कक्षा में सर्वोच्च अच्छे अंक पाने वाले को दस हज़ार रुपये नगद पुरस्कार देता है। आज इस जन्म दिवस के समारोह को सादगी पूर्वक मनाया गया और एक शुभ संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में भी इस पाठशाला का संपूर्ण विकास करेंगे। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र और न्यास के सभी साथियों के साथ श्री पी. एल. तंतुवाय विधायक हटा, जिला शिक्षा अधिकारी एस के. शर्मा मौजूद रहे । श्रीमती रेखा अवस्थी कोषाध्यक्ष , नीरज भार्गव एवं प्रखर भट्टी आश्रम वालियों के साथ सहभोज किया ।ऐसा जन्मदिन मनाने का अनोखा तरीक़ा है कि ज़रूरत मंदों के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए काम करने वाले लोगों को मदद पहुँचे,यही न्यास का उद्देश्य है।



## सतपारा खरीदी केंद्र प्रभारी एवं सर्वेयर पर दर्ज हुई एफआईआर

बड़ामलहरा 26 मई नि.प्र.। अनुभाग के भगवां थाना अंतर्गत ग्राम सतवारा में गेंहूँ उपार्जन केंद्र प्रभारी और सर्वेयर पर रवि फसल खरीदी की अमानक फसल खरीदने पर एफआईआर दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश कन्होआ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ने सतपारा गेंहूं उपार्जन केंद्र प्रभारी मनीष दुबे पिता गयादीन दुबे एवं सर्वेयर हरगोविंद सोनी पिता सुंदर लाल सोनी निवासी सतपारा पर रवि उपार्जन नीति का उल्लंघन करते हुए लगभग 1200 बोरी अमानक श्रेणी का गेहूं उपार्जन किया जो शासन के प्रति धोखाधड़ी छल कपट कर शासन को नुकसान पहुंचाने का काम किया है जिसके तहत भगवां थाने में सतपारा उपार्जन केंद्र प्रभारी एवं सर्वेयर पर राकेश कन्होआ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है।



## कांग्रेस द्वारा किसानों का 3 काले कानून के विरोध को लेकर मनाया मोदी सरकार के खिलाफ काला दिवस

छतरपुर 26 मई कार्या.। लगातार छह महीने से किसान आंदोलन का विरोध हो रहा है फिर भी मोदी सरकार सुनने को तैयार नहीं है जिस पर छतरपुर जिला कांग्रेस द्वारा आज काला दिवस के रूप में मोदी सरकार विरोध किया गया है ।

जिला कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष दीपांशु यादव ने बताया कि आज के ही दिन 26 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा प्रधानमंत्री पद की शपथ ली गई थी लेकिन मोदी सरकार ने लगातार किसानों के खिलाफ मोर्चा खोला है कई महीनों से दिल्ली में तीन काले कानूनों के खिलाफ विरोध कर रहे हैं ,लेकिन मोदी सरकार आज भी सुनने को तैयार नहीं है जिसको लेकर छतरपुर जिला कांग्रेस द्वारा आज काली पट्टी बांधकर आज का दिन काले दिवस के रुप में मनाया।

मोदी सरकार के सात साल पूरे होने पर आज तीन किसान विरोधी काले कानूनों के विरोध में जिला कांग्रेस ने काली पट्टी ओर काला झंडा दिखा कर कांग्रेसियों ने मनाया काला दिन कांग्रेस पार्टी ने किसानों के समर्थन में मनाया काला दिवस इस अवसर पर महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित, जिलाध्यक्ष लखनलाल पटेल , कार्यकारी अध्यक्ष अनीस खान, महामंत्री संतोष तिवारी, एन एस यू आई अध्यक्ष राजवर्धन मिश्रा, अभिषेक सोनी, शेख हनीफ, संदीप पटेल, गोपाल अग्रवाल, अवधेश सोनकिया ,दीपक मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे ।



## दो बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत, एक की मौत दो घायल

बड़ामलहरा 26 मई नि.प्र.। बड़ामलहरा अनुभाग की बंधा चौकी अंतर्गत धसान नदी के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें एक की मौत हो गई जबकि 2 लोग घायल बताए जा रहे हैं ।प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश आदिवासी पिता प्यारेलाल आदिवासी उम्र 25 वर्ष और सूरज आदिवासी महाराजगंज से देवरदा जिला टीकमगढ जा रहे थे तो वही सामने से आ रहे संजय चढ़ार पिता रमेश चढ़ार 23 वर्षीय युवक अपनी बाइक एमपी 07 एमएफ 3964 पर सवार होकर आ रहा था तभी धसान नदी के पास दोनों बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी तेज थी जी एक बाइक के परखच्चे उड़ गए घटना की जानकारी डायल हंड्रेड को दी गई मौके पर पहुंची डायल हंड्रेड ने तीनों घायलों को बड़ामलहरा समुदाय स्वास्थ्य केंद्र ले गई और भर्ती कराया जिसमें संजय चढ़ार की मौत हो गई तो वही रमेश आदिवासी और सूरज आदिवासी घायल है जिनका समुदाय स्वास्थ्य बड़ामलहरा में इलाज चल रहा है।



## प्रगतिशील संयुक्त कर्मचारी कल्याण संघ की वर्चुअल बैठक हुई सम्पन्न

**छतरपुर 26 मई कार्या.। प्रगतिशील संयुक्त क मंचारी कल्यार संघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार मंगलवार को किया गया। संघ के जिला अध्यकक्ष श्री पुष्येयन्द्रभ कुमार शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार करने प्रगतिशील संयुक्त कर्मचारी कल्यीण संघ की प्रथम बैठक आज 26 मई 2021 को आहूत की गई। जिसमें प्रांताध्यजक्ष सुरेश गगनमवार, जिलाध्याक्ष पुष्पेद्र कुमार शर्मा, राकेश दीक्षित उपाध्यक्ष, श्री विजयन्द्र जड़िया सचिव, राजेन्द्रथ सोनी सह सचिव, अनुपम त्रिवेदी कोषाध्य, श्रीमती उर्मिला सेन महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यशक्ष, श्रीमती भारती वर्मा महिला प्रकोष्ठी जिला सचिव मुख्यक रूप से उपस्थित रहे।**

कार्यकारिणी की बैठक में कर्मचारियों के हितों के संरक्षण के संबंध में रणनीति निर्धारण हेतु समस्त पदाधिकारियों को जानकारी दी गई तथा सदस्यता के संबंध में जानकारी दी गई। प्रांताध्यिक्ष गगनमवार ने प्रदेश स्तर पर कर्मचारियों के हितों को लेकर हर संभव सहयोग करने की बात जिला कार्यकारिणी के समक्ष रखी। वहीं जिलाध्यपक्ष श्री शर्मा ने संघ के प्रमुख उद्देश्यों एवं हमारे अधिकारों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस संबंध में जानकारी देते हुये मीडिया प्रभारी देवेन्द्र कुमार सुमन ने बताया कि संघ की बैठक प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सभी के सुझाव अनुसार तय हुई है जिसमें जिले के समस्तक कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में प्राप्त आवेदनों पर विचार कर हर संभव सहयोग करने की रणनीति बनाई जायेगी तथा जिला स्तंर से लेकर प्रदेश स्तर तक हर संभव सहयोग करने का आश्वासन देते हुये कर्मचारियों को सशक्त बनाने की बात कही।

इस अवसर पर प्रांताध्य से पदाधिकारियों का परिचय हुआ तथा दायित्वों के निर्वहन के संबंध निर्भीकता के साथ कार्य करने हेतु बल दिया। उन्होने कहा कि हम संगठनात्म रूप से ही कर्मचारियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर सकते हैं। विभिन्न मुद्दों को लेकर आज की सफल बैठक के समापन की घोषणा जिलाध्य क्ष पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा ने करते हुये सबको सौंपे गये दायित्वोंम के लिये बधाई दी।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक की मौत, एक घायल



बमीठा 26 मई नि.प्र.। बमीठा थानांतर्गत एनएच 75 फ़ोर लाईन पर तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार लगी की एक युवक का हाथ कट गया एवं एक की मौत हो गयी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात ट्रक भाग गया।

जानकारी के अनुसार मथुरा पिता रामनाथ आदिवासी उम्र 20 वर्ष निवासी मानपुरा थाना सटई , गुड्डू पिता जग्गू आदिवासी उम्र21 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। बमीठा टीआई संदीप दीक्षित ने तत्काल मौके पर पहुचकर दोनो घायलों को 108 एवं 100 डायल की मदद दिलवाई। 100 डायल के आरक्षक सौरभ तिवारी, पायलट विपिन शर्मा,ने घायलों को जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाकर जान बचाने की कोशिश की लेकिन ईलाज के दौरान मथुरा आदिवासी की जिला अस्पताल में मौत हो गई। घटना रात्रि साढ़े आठ बजे की गंज बसारी के बीच मड़वा नाला थाना बमीठा क्षेत्र की बतायी गयी है।

जन्म दिवस पर विशेष

# बुन्देलखण्ड के लाल, सचमुच कर दिया कमाल



यूँ तो 26 मई ( बुधवार ) को बुद्ध पूर्णिमा अर्थात भगवान बुद्ध का जन्म दिवस है । ज्ञान प्राप्ति के पश्चात भगवान बुद्ध ने इस ज्ञान का विश्व मानव कल्याण हेतु उपयोग किया। सच्चे और निस्वार्थ मनोभाव से नर सेवा , नारायण सेवा लगातार करते रहना , कुछ विरले लोगों मे ईश्वरीय कृपा से ही संम्भव होता है । डॉ. राकेश मिश्र संस्थापक एवं अध्यक्ष पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास इस मूल मंत्र को धरातल पर पूर्ण रूप से चरितार्थ कर रहे है ।

डॉ. राकेश जी मिश्र जिन्हें नर सेवा नारायण सेवा का मूल मंत्र अपने पूज्य पिता श्री गणेश प्रसाद मिश्र एवं माताजी श्रीमती शांति मिश्रा जी से मिला । समाज कल्याण, लोक कल्याण हेतु डॉ. राकेश मिश्र जी ने अपने माता पिता द्वारा प्रदत्त मंत्र को समाज और लोक कल्याण हेतु अपने स्तर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के माध्यम से स्वास्थ्य , शिक्षा , साहित्य , जल आपूर्ति , पर्यावरण , गौसेवा , स्पोर्ट्स , स्वच्छता , आदि में अविस्मरणीय और ऐतिहासिक योगदान दिया । महाविद्यालय में प्राध्यापक पद पर आठ वर्षों में अपनी बौद्धिक छाप छोड़ते हुये लेखन व पठन में मर्मज्ञ हैं ।पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने ग्रामीण परिवेश से शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कारों एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर देश की राजधानी दिल्ली तक का सफर अपने अनुभव, अद्भुत बौद्धिक क्षमता , कुशल नेतृत्व , संगठनात्मक क्षमता , प्रशासनिक क्षमता से स्वयं प्राप्त किया है।

संयोग ही कहा जाये कि उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के छोटे से गाँव धवर्रा को स्व.गणेश प्रसाद मिश्र जी की स्मृति में बने सेवा न्यास के प्रयासों से डॉ. राकेश मिश्र ने रचनात्मक ,सकारात्मक और नवीन प्रयोगों , सर्वांगीण विकास और जनहित सेवा कार्यों की एक बेहतरीन प्रयोगशाला के रूप मे स्थापित कर दिया है। इस कार्य में उनकी चारों बड़ी बहिनें व श्रीमती जी व बेटा हर कार्य में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बने धवर्रा विकास मॉडल के रूप में विकसित प्रयोगशाला के सफल प्रयोगों का विस्तार धीरे धीरे मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के दूरस्थ जनपदों तक फैल गया और पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की सेवा भावना लाखों लोगों के हृदयों में घर कर गई ।

विगत कई वर्षों में असहाय , बीमार जनों के लिये विशाल स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हो या प्रयागराज के महाकुम्भ में महीनों तक धर्म लाभ की हजारों लोगों के लिये सम्पूर्ण व्यवस्था करना मानो पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के ही प्रयासों से हो रहा है । बुंदेलखंड में खिलाड़ियों को मौका मिले खेलों का विकास हो इसके लिए बुंदेलखंड में प्रथम मैराथन का आयोजन किया गया। विभिन्न वेबिनार के द्वारा देश के प्रसिद्ध डॉक्टरों की स्वास्थ्य परिचर्चा जिसमें मेदांता के डॉक्टर नरेश त्रेहान, सफदरजंग के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश वर्मा, डॉ अनूप कुमार यूरोलॉजिस्ट, मेजर जनरल डॉ. वेद प्रकाश चतुर्वेदी अस्थि रोगों के विशेषज्ञ, इंदौर से महिला रोगों की विशेषज्ञ डॉक्टर , मनोरोग विशेषज्ञ, आयुर्वेदाचार्य, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ आदि लोगों से भी वार्ता द्वारा लाभान्वित किया गया ।

सेवा न्यास ने समाज के सभी वर्गों के लिए कार्य किया विद्यार्थियों के लिए शिक्षण सामग्री का वितरण, खिलाड़ियों के लिए बुंदेलखंड मैराथन, स्टेडियम का निर्माण, स्टेडियम में 23 तरह के खेलों की समस्त सुविधाएं, आधुनिक ओपन जिम का निर्माण, बुजुर्गों के लिए चश्मा और कान की मशीनों का नियमित वितरण सभी के लिए स्वास्थ्य कैंप, महिलाओं के लिए स्तन कैंसर से जुड़ी बीमारियों के लिए स्पेशल जांच एवं मेदांता हॉस्पिटल गुड़गांव के डॉक्टरों का स्पेशल कैंप, नौगांव व सतना में किसानों के लिए धानुका समूह द्वारा विशेषज्ञों से सलाह, फलदार वृक्षों का वितरण, ग्राम धवर्रा में पीने के पानी व बिजली की स्थाई व्यवस्था करना।

बेशक डॉ.राकेश मिश्र जी के पास समय का अभाव हो और देश के दूरस्थ लोगों को उनकी आवश्यकता हो तो भी समाजसेवी लोग सदैव उन्हें समाजसेवा हेतु अपने नजदीक पाते हैं । न्यास के कार्यों और मध्यप्रदेश , उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिये लगातार चिन्ता करना उनकी समस्याओं का हर संम्भव सफलतापूर्वक हल उपलब्ध करवाना उनके व्यक्तित्व की पूर्णता सिद्ध करता है ।

इस वर्ष 26 मई ( बुधवार ) आदर्श व्यक्तित्व , असाधारण प्रतिभा के धनी , राष्ट्रीयता की पाठशाला आदरणीय डॉ. राकेश मिश्र जी अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को जन्म दिवस की अनन्त हार्दिक शुभकामनाएं।

**प्रवीण नायक**
**पूर्व सदस्य - SWM & PWM विशेषज्ञ समिति , केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( भारत सरकार )**
**संस्थापक- गार्वेज क्लीनिक इन्फ्राटेक ( प्रा. ) लिमिटेड ( ग्रेटर नोयडा )**

# कोरोना नियंत्रण रणनीति निर्धारण के लिये पाँच मंत्री-समूह गठित

भोपाल (डीपीआर)। राज्य शासन द्वारा कोविड संक्रमण के नियंत्रण के लिये आगामी रणनीति निर्धारित करने मंत्रि-परिषद सदस्यों के पाँच मंत्री-समूहों का गठन किया गया है। यह समितियाँ आवश्यकतानुसार जिला क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी, विकासखंड क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी और ग्राम तथा नगर क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी से सलाह-मश्वरा कर अपनी अनुशंसाएँ सरकार को प्रस्तुत करेंगी।

**मेडिकल ऑक्सीजन**

प्रदेश को मेडिकल ऑक्सीजन में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भविष्य की रणनीति निर्धारण के लिये आवश्यक सुझाव देने मंत्री-समूह का गठन किया गया है। इसमें लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री गोपाल भार्गव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री बिसाहूलाल सिंह, राजस्व, परिवहन मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा, सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दत्तीगांव हैं।

**टीकाकरण कार्य**

प्रदेश में कोविड संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिये प्रदेश में शत-प्रतिशत टीकाकरण को संपादित कराने के उद्देश्य से सुझाव प्रस्तुत करने के लिये मंत्री-समूह का गठन किया गया है। इसमें चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास सारंग, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री प्रभुराम चौधरी, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पशुपालन एवं डेयरी, सामाजिक न्याय एवं निःशक्त कल्याण मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, पर्यटन, संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्री रामखेलावन पटेल हैं।

**कोरोना कर्फ्यू**

प्रदेश में कोरोना कर्फ्यू को चरणबद्ध प्रक्रिया से समाप्त करने और सामान्य जन-जीवन बहाली के संबंध प्रस्तावित रणनीति को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सुझाव प्रस्तुत करने के लिये मंत्री-समूह का गठन किया गया है। इसमें गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, जनजातीय कार्य, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह मांडवे, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. महेन्द्र सिंह सिसोदिया, सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद भदौरिया, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, पर्यावरण मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग, लोक निर्माण राज्य मंत्री श्री सुरेश धाकड़ हैं।

**कोविड अनुकूल व्यवहार**

प्रदेश में आम नागरिकों में कोविड अनुकूल व्यवहार के सुनिश्चयन के लिये प्रचार-प्रसार, पर्यवेक्षण एवं जागरूकता के लिये आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करने के लिये मंत्री-समूह का गठन किया गया है। इसमें जल संसाधन, मुछआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, वन मंत्री श्री विजय शाह, वाणिज्यिक कर, वित्त, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, पर्यटन, संस्कृति, अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर और सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया हैं।

प्रदेश में कोविड संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु जन-जागरूकता एवं आवश्यक प्रचार-प्रसार के सुनिश्चयन के उद्देश्य से भविष्य की रणनीति के लिये आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करने के लिये मंत्री-समूह का गठन किया गया है।

इसमें गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, मंत्री चिकित्सा शिक्षा, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, पर्यटन, संस्कृति, अध्यात्म मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सामान्य प्रशासन मंत्री श्री इंदर सिंह परमार है।

## OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL CHHATARPUR (M.P.)

N.I.T.No. [illegible] Date [illegible]

Notice Inviting e-Tenders

[illegible]

| S. No. | Tender No. | Name of Work | Probable Amount (Rs. in Lakh) | EMD Amount (Rs.) | Cost of bid Document (Rs.) | Category of contractor | period of completion (in months) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2021-UAD-143729 | Construction Design, supply, installation, commissioning and trial run of gas fired cremation furnace with chimney in chhatarpur | 48.44 | 37000.00 | 5000.00 | C & above | 6 Months (180 Days) |

Note :- [illegible]

Chief Municipal Office
Nagar Palika Parishad
Chhatarpur (m.p.)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद छतरपुर ( म.प्र. )

क्रं./लो.नि.वि./न.पा.छ./2021/2276 छतरपुर,दिनांक:-24.05.2021

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा म.प्र. शासन लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत अथवा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका मे वर्णित कार्य हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वर्तमान में प्रचलित आई.एस.एस.आर.दिनांक 10.05.2001 से प्रभावशील की संशोधित दर से प्रतिषत के आधार पर (कम/अधिक) की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यों का विवरण निम्नानुसार है-

| टेन्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन लागत (लाख मे) | अमानत राषि (हजार मे) | निविदा प्रपत्र मूल्य (हजार मे) | निविदा आमंत्रण सूचना | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 143726 | एस.डी.आर.एफ. योजनांतर्गत न.पा. छतरपुर क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डो में आरसीसी नाला निर्माण कार्य। | 245.37 | 122685/- | 15000.00 | प्रथम निविदा | 08 माह | सी श्रेणी या इससे ऊपर एवं नवीन पद्धती में पंजीकृत ठेकेदार |

**शर्तें:-**

1.इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी बेवसाईट विभाग का नाम नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल पर देखी जा सकती है।

2.निविदा प्रपत्र दिनांक 25.05. 2021 को प्रात: 10:30 बजे से दिनांक 28.06. 2021 को सायं 05:30 बजे तक वेबसाइट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेगें।

3. निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन लिफाफों को दिनांक 30.06.2021 को सुबह 11.00 बजे खोला जावेगा।

4.निविदा में यदि कोई भी संशोधन किया जाता तो ऑनलाईन किया जावेगा। समाचार पत्र मे नहीं।

5.संचालनालय नगरीय प्रषासन एवं विकास के संशोधन क्रमांक 2 आदेश क्रं./या.प्र./07/2017/13014 दिनांक 14.11.2017 अनुसार निविदाकार उपरोक्त कार्यो हेतु देयक पर जी.एस.टी.राशि का भुगतान प्रथक से किया जावेगा।

6.कार्य से सबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

7. इस निविदा के सफल निविदाकार को निर्माण कार्यो की स्ट्रक्चर डिजाइन शासकीय इंजीनियरिंग कालेज से अनुमोदन कराकर न.पा. से प्रस्तुत करनी होगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद छतरपुर**





## संक्रमण से बचाव हेतु कोरोना टीका अवश्य लगवाएं

वैक्सीन लगवाएँ और बताएं कि कोरोना की वैक्सीन ही इस महामारी का अंत कर पायेगी और देश सुरक्षित होगा,मानवता को बचाने की जिम्मेवारी हमारी है,हम सेवाभाव वाले लोगों से भी अपील करते हैं कि साथ आए और प्रशासन का इस कोविड महामारी से बचाने वैक्सिनेशन में सहयोग करें।



मास्क में चेहरा, कोरोना पर पहरा

घर में रहें, सुरक्षित रहें

दो गज दूरी मास्क है जरूरी

सोशल डिस्टेंशन का पालन करें




ऐसे बनेगा स्वच्छ बकस्वाहा.....
>> शौचालय का उपयोग करें और दूसरों को प्रेरित करें
>> कचरा डस्टविन में ही डालें
>> अपने आसपास पानी जमा न होने दें
>> घर से निकले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखकर कचरा गाड़ी में भिजवायें
>> पॉलीथिन का उपयोग बंद करें
>> एक पौधा अवश्य लगायें।


राहुल सिलाडिया
प्रशासक


हरिहर गंधर्व
सीएमओ

सौजन्य से : नगर परिषद बकस्वाहा


स्वात्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक सनत कुमार जैन के द्वारा सांध्य दैनिक छतरपुर टाइम्स कार्यालय, 25 मेला ग्राउण्ड छतरपुर से प्रकाशित तथा बुन्देलखण्ड प्रिंटिंग प्रेस, 25 मेला ग्राउण्ड छतरपुर से मुद्रित।–मोबा.9425140722